बी.ए.पी.सो.एच.

# मनोविज्ञान

## सत्रीय कार्य
## जुलाई 2020–2021

**बी.पी.सी.सी. 101 : मनोविज्ञानः एक परिचय**
**बी.पी.सी.सी. 102 : जैव मनोविज्ञान**

मनोविज्ञान संकाय
सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110068

# सत्रीय कार्य
# जुलाई 2020-2021

प्रिय शिक्षार्थी,

जैसा कि हमने आपको कार्यक्रम दर्शिका में सूचित किया है कि इग्नू में मूल्यांकन दो भागों में होता हैः i) सत्रीय कार्य द्वारा सतत मूल्यांकन, और ii) सत्रांत परीक्षा। अंतिम परीक्षा परिणाम में, सभी सत्रीय कार्यों के लिए 30 प्रतिशत अंक तथा सत्रांत परीक्षा के लिए 70 प्रतिशत अंक निर्धारित है।

**बी.पी.सी.सी. 101,** 6 क्रेडिट (4 क्रेडिट सिद्धांत + 2 क्रेडिट प्रयोगात्मक) का पाठ्यक्रम है। आपको **बी.पी.सी.सी. 101** के 4 क्रेडिट के लिए **सत्रीय कार्य** करने होंगे। कृपया प्रयोगात्मक भाग के 2 क्रेडिट के लिए **बी.पी.सी.सी. 101** के पाठ्यक्रम सामग्री में दिये गये प्रयोगात्मक दिशा निर्देश देखें।

**सत्रीय कार्य-I** में वर्णनात्मक श्रेणी के प्रश्न हैं। आपको इन प्रश्नों के उत्तर निबंध के समान, प्रस्तावना एवं निष्कर्ष के साथ लिखन होंगे। इनका प्रयोजन विषय से संबंधित आपकी समझ एवं जानकारी को व्यवस्थित, संगत तथा सुस्पष्ट तरीके से वर्णन करने की योग्यता को जांचना है।

**सत्रीय कार्य-II** में लघु श्रेणी के प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के उत्तर के लिए आपको सर्वप्रथम तर्क और स्पष्टीकरण के संदर्भ में विषय का विश्लेषण करना होगा, जिसके उपरान्त प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त तरीके से लिखने होंगे। ये प्रश्न विषय से संबंधित अवधारणाओं व प्रक्रियाओं को स्पष्ट रूप से समझने की क्षमता का परीक्षण करने के लिए हैं।

**बी.पी.सी.सी. 102,** 6 क्रेडिट (4 क्रेडिट सिद्धांत + 2 क्रेडिट ट्यूटोरियल) का पाठ्यक्रम है। आपको **बी.पी.सी.सी. 102** के 4 क्रेडिट के लिए **सत्रीय कार्य** करने होंगे। 2 क्रेडिट की ट्यूटोरियल संबंधित गतिविधि सत्रीय कार्य के भाग ब में सम्मिलित की गई है। यह गतिविधि 2 क्रेडिट की है।

**भाग अः सत्रीय कार्य-I** में वर्णनात्मक श्रेणी के प्रश्न हैं। आपको इन प्रश्नों के उत्तर निबंध के समान, प्रस्तावना एवं निष्कर्ष के साथ लिखने होंगे। इनका प्रयोजन विषय से संबंधित आपकी समझ एवं जानकारी को व्यवस्थित, संगत तथा सुस्पष्ट तरीके से वर्णन करने की योग्यता को जांचना है।

**सत्रीय कार्य-II** में लघु श्रेणी के प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के उत्तर के लिए आपको सर्वप्रथम तर्क और स्पष्टीकरण के संदर्भ में विषय का विश्लेषण करना होगा, जिसके उपरान्त प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त तरीके से लिखने होंगे। ये प्रश्न विषय से संबंधित अवधारणाओं व प्रक्रियाओं को स्पष्ट रूप से समझने की क्षमता का परीक्षण करने के लिए हैं।

**भाग बः ट्यूटोरियल** में सत्रीय कार्य के भाग ब में दी गई गतिविधि को पूरा करना होगा। इसका मूल्यांकन आपके अकादिमक परामर्शदाता करेगें। यह गतिविधि सत्रीय कार्य के अतिरिक्त की जायेगी।

**सत्रीय कार्य करने से पहले, कार्यक्रम दर्शिका में दिये गय निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।** यह अनिवार्य है कि आप सत्रीय कार्य के सभी प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें। आपका उत्तर किसी विशेष श्रेणी के लिए निर्धारित शब्द–सीमा की अनुमानित सीमा के भीतर होना चाहिए। याद रखिये कि इन सत्रीय प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपके लेखन कौशल में सुधार हागा, तथा आप सत्रांत परीक्षा के लिए तैयार हो जाएंगे।

| सत्र | सत्रीय कार्य जमा करने की तिथि | सत्रीय कार्य जमा करने का स्थान |
|---|---|---|
| **जुलाई 2020 एवं जनवरी 2021** | **30 सितंबर, 2020**<br>**31 मार्च, 2021** | अपने अध्ययन केन्द्र के संयोजक को जमा करें |

* आपको सारे सत्रीय कार्य निर्धारित समय सीमा के अन्दर जमा करने होंगे, जिससे आप सत्रांत परोक्षा दे सके।

जमा कराये गये सत्रीय कार्यों की अध्ययन केन्द्र से रसीद अवश्य प्राप्त करें, तथा उसे संभाल कर रखिये। सत्रीय कार्य की एक फोटोकॉपी भी अपने पास रखें। मूल्यांकन के पश्चात, अध्ययन केन्द्र सत्रीय कार्यों को आपको लौटा देगा। पूर्ण किये हुए सत्रीय कार्य आपको प्रषित किये गये अध्ययन केन्द्र के संचालक को ही भेजने होते हैं।

**सत्रीय कार्य लिखने से पहले नीचे दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक अनुकरण करें:**

1. आपके लिए नीचे दिए गये तथ्यों पर ध्यान केन्द्रित करना उपयोगी साबित होगा।

   **क) योजना** : सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़िए। सत्रीय काय के प्रश्न जिन इकाइयों पर आधारित हैं, उन्हें ध्यान से पढिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए उसके बारे में महत्वपूर्ण तथ्य नोट कर लें, और फिर उन्हें तार्किक क्रम में व्यवस्थित कर लें।

   **ख) संगठन** : अपने उत्तर की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले कुछ बेहतर तथ्यों का चुनाव और विश्लेषण कीजिए। उत्तर की प्रस्तावना और निष्कर्ष पर विशेष ध्यान दे। उत्तर लिखने से पूर्व यह सुनिर्शिचत कर लें कि :

      क) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत है;

      ख) वाक्यों और अनुच्छेदों में स्पष्ट संबंध है; तथा

      ग) उत्तर आपके भाव, शैली और प्रस्तुति के आधार पर सही है।

   **ग) प्रस्तुतीकरण** : जब आप अपने उत्तर से संतुष्ट हो जाएँ तो जमा कराने के लिए सत्रीय कार्यों के प्रश्नों के उत्तर की स्वच्छ प्रति तैयार करें। **उत्तर साफ–साफ और अपनी हस्तलिपि में लिखना अनिवार्य है।** जिन बिंदुओं पर आप जोर देना चाहते हो, उन्हें रेखांकित कर दें। यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि आपका उत्तर निर्धारित शब्द–सीमा के भीतर ही होना चाहिए।

2. अपने उत्तर लिखने के लिए A4 साइज पेपर का प्रयोग करें और सभी पेजों को ध्यानपूर्वक टैग करें। बायीं ओर 4 सेमी का हाशिया और दो उत्तरों के बीच कुछ जगह छोड़े। उपयुक्त जगहों पर छोड़े गये हाशिया में उपयुक्त टिप्पणी करने के लिए शैक्षणिक परामर्शदाता (academic counselor) की सुविधा होगी।

3. ***उत्तर आपकी स्वयं की लिखावट में होनी चाहिए।*** अपने उत्तरों को टाइप या प्रिंट न करें। विश्वविद्याय द्वारा भेजे गये अध्ययन सामग्री से अपने उत्तर की नकल न करें। अगर आप अध्ययन सामग्री से नकल करते हैं तो आपको शून्य अंक मिलेंगे।

4. आपको सत्रीय कार्य की एक प्रति पूर्ण किये सत्रीय कार्य के साथ इसे जमा करने से पहले सलग्न करनी होगी।

5. अगर आपने अध्ययन केन्द्र परिवर्तित के लिए निवेदन किया हुआ है, तो आपको सत्रीय कार्य, मूल अध्ययन केन्द्र में ही जमा करना चाहिए जब तक कि आपको विश्वविद्यालय द्वारा अध्ययन केन्द्र के बदलने की सूचना ना मिल जाये।

6. अगर आपको अपने सत्रीय कार्य के मूल्यांकन के पश्चात् कोई वास्तविक त्रुटि मिलती है जैसे सत्रीय कार्य का कोई हिस्सा का मूल्यांकन नहीं हुआ हो या कुल अंक जो संत्रीय कार्य पर गलत अंकित है, आदि। ऐसी त्रुटियों के सुधार के लिए और मुख्यालय में सही अंको को भेजने के लिए, अपने अध्ययन केन्द्र के संचालक से संपक करें।

शुभकामनाओं के साथ,

**मनोविज्ञाान संकाय**
**सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ,**
**इग्नू, नई दिल्ली**

# बी.पी.सी.सी. -101 : मनोविज्ञानः एक परिचय
## अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम कोडः **BPCC-101**
सत्रीय कार्य कोडः **ए.एस.एस.टी. / TMA / 2020-21**
अधिकतम अंकः **100**

**नोटः सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

## सत्रीय कार्य – I

**नीचे दिए वर्णानात्मक श्रेणी के प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का हैं।** **3x20=60**

1. प्रत्यक्षण के प्रकार और त्रुटियों का वर्णन करें। 20
2. अभिप्रेरणा की प्रकृति और सिद्धान्तों को विस्तार से समझाइये। 20
3. स्मृति के प्रकार और प्रतिरूपों का वर्णन करें। 20

## सत्रीय कार्य - II

**नीचे दिए लघु श्रेणी के प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का हैं।** **8x5=40**

4. प्रत्यक्षण के नियम
5. भ्रम (भ्रान्ति) के प्रकार
6. रचनात्मक चिंतन के चरण
7. भाषा का विकास
8. अधीगम के उपाय
9. विस्मरण के सिद्धान्त और अवधारणा

10 संवेग के कार्य

11. मनोविकास की प्रक्रिया के घटक

## बी.पी.सी.सी.-102 : जैव मनोविज्ञान
## अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम कोडः **BPCC-102**
सत्रीय कार्य कोड : **बी.पी.सी.सी -102 /ए.एस.एस.टी./TMA/2020-21**
अधिकतम अंकः **100**

**नोटः सभी प्रश्न अनिवार्य है।**

### भाग – अ

### सत्रीय कार्य - I

**निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 20 अंक नियत है।** **2x20=40**

1. तंत्रिका कोशिका की संरचना का वर्णन कीजिए। तंत्रिका चालन की प्रक्रिया को समझाइए। 20

2. मस्तिष्क के मुख्य भागों और कार्यों की व्याख्या कीजिए। इसे चित्र की सहायता से स्पष्ट कीजिए। 20

### सत्रीय कार्य - II

**निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है।** **6x5=30**

3. व्यवहत उच्छेदन पद्धतियाँ

4. न्यूरोप्लास्टिसिटी

5. कपाल तंत्रिकाऐं

6. पीयूष ग्रन्थि के कार्य

7. सोडियम अमाइटल परीक्षण

8. संज्ञानात्मक तंत्रिका विज्ञान

### भाग–ब
## (ट्यूटोरियल)

**2x15=30**

**नोटः निदेर्शोंके अनुसार गतिविधियों को पूरा कीजिए। पहली गतिविधि में विकल्प दिया गया है। प्रत्येक गतिविधि के लिए 15 अंक नियत है।**

1. क्या पुरूष और महिला के मस्तिष्क में जेंडर असमानता होती है? इस तर्क का समर्थन और खंडन करने वाले दो शोध लेख पढ़िए। शोध लेख में शोधकर्ता द्वारा कही जा रही बातों की समझ विकसित कीजिए और इसे अपने शब्दों में व्यक्त कीजिए।

नोटः  शोध लेख, पुस्तक या शाध पत्रिका से लिए जा सकते है जो कि आनलाईन या पुस्तकालय में उपलब्ध हो सकते है। शोध लेखो का विवरण आपके लेखन में उल्लिखित होना चाहिए।

2. आपने हेनरी मोलिसन की केस स्टडी में पढ़ा था जिसके हिप्पोकैम्पस और एमिग्डाला और हिप्पोकैम्पस को हटा दिया गया था और उसके बाद स्मृति कम हो गयी थी। क्या आपने किसी पुस्तक, टी वी कार्यक्रम या फिल्म में इस तरह के पात्र को देखा है। हेनरी मोलिसन और पात्र के बीच समानता और अंतर को प्रकट कीजिए।